# हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 08.07.2024

मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस लाइन सभागार में पीस कमेटी की बैठक

## अधिकतम 12 फीट होगी कांवड़ के डीजे और ताजिये की ऊंचाई

**सहमति बनी**

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस-प्रशासन ने सावन और मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए कमर कस ली है। रविवार को पुलिस लाइन में अधिकारियों ने पीस कमेटी और धर्मगुरुओं के साथ मीटिंग की। इसमें कांवड़ के डीजे और ताजिया की ऊंचाई 12 फीट से ज्यादा न होने की सहमति बनी। अधिकारियों ने लोगों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर बरेली का सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ना नहीं चाहिए।

एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि पीस कमेटी जनता और पुलिस के बीच संवाद का कार्य करती है। त्योहार के दौरान कोई भी ऐसी घटना न हो, जिससे जिले का माहौल खराब हो।

उन्होंने कांवड़ के डीजे और ताजियों की ऊंचाई मय ट्रैक्टर-ट्रॉली 12 फीट रखने का प्रस्ताव रखा, जिस पर दोनों पक्षों ने सहमति जताई। इस दौरान लोगों ने त्योहारों के दौरान आने वाली समस्याएं बताईं, जिनका समाधान कराने का आश्वासन कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करें और गलत सूचनाओं को किसी भी हाल में प्रसारित न होने दें।



मोहर्रम और सावन को लेकर रविवार को एडीजी, आईजी, डीएम और एसएसपी ने जोगीनवादा में पैदल गश्त किया।

### विवाद होने पर आपसी सौहार्द से करें निस्तारण

आईजी डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि छोटी-छोटी गलतियों या कमियों के कारण बड़ी घटनाएं हो जाती है। ध्यान रखें कि कोई विवाद होने पर आपसी सौहार्द से निस्तारण करें। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी साउथ मानुष पारीक, एसपी क्राइम मुकेश प्रताप, एसपी ट्रैफिक शिवराज के अलावा जनार्दन आचार्य, जहीर अहमद, संजीव शर्मा, मो. कासिम आदि थे।

### गैर परंपरागत आयोजन की अनुमति नहीं : एसएसपी

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि जो परंपरागत आयोजन हैं, उसमें पुलिस प्रशासन सहयोग करेगा लेकिन जो गैर परम्परागत हैं, उसके लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कहीं कोई समस्या होती है, तो कॉल करें या व्हाटसएप करें अथवा 112 पर कॉल करें। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की लगातार निगरानी कराई जा रही है।

### पुराना शहर में गश्त, जोगी

पीस कमेटी के मीटिंग के बाद जिले के अति संवेदनशील इलाके जोगीनवादा का अधिकारियों का भ्रमण किया। इस दौरान एसएसपी अनुराग आर्य ने इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय को वहां पर एक पुलिस बूथ बनाने के भी निर्देश दिए। पुलिस लाइन में मीटिंग के एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य बारादरी क्षेत्र में पहुंचे। उन लोगों ने पुराना शहर के प्रमुख मार्गों व चौराहों पर भ्रमण किया और फिर

---

## पुराना शहर में गश्त, जोगीनवादा में बनेगा पुलिस बूथ

पीस कमेटी के मीटिंग के बाद जिले के अति संवेदनशील इलाके जोगीनवादा का अधिकारियों का भ्रमण किया। इस दौरान एसएसपी अनुराग आर्य ने इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय को वहां पर एक पुलिस बूथ बनाने के भी निर्देश दिए। पुलिस लाइन में मीटिंग के एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य बारादरी क्षेत्र में पहुंचे। उन लोगों ने पुराना शहर के प्रमुख मार्गों व चौराहों पर भ्रमण किया और फिर जोगीनवादा पहुंचे। पिछले साल कांवड़ के दौरान हुए विवाद के स्थान का भी अधिकारियों ने जायजा लिया। क्षेत्र के लोगों से बातचीत कर त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील की। लोगों ने कहा गया कि अगर कोई व्यक्ति खुराफात करने की कोशिश करे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। इस दौरान एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी ट्रैफिक शिवराज, सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव, सीओ तृतीय अनीता चौहान भी मौजूद रहीं।

# दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 08.07.2024

## त्योहार में की खुराफात की कोशिश तो नजीर पेश करने वाली होगी कार्रवाई

जागरण संवाददाता, बरेली : मोहर्रम एवं श्रावण माह में कांवड़ यात्रा को लेकर स्पष्ट नीति तैयार कर ली गई है। त्योहारों में सभी को परंपरा का निर्वाह करना होगा। गैर परंपरागत की जिद कर माहौल खराब करने वालों व खुराफातियों पर नजीर पेश करने वाली कार्रवाई की जाएगी। यह बातें पुलिस लाइंस में धर्मगुरुओं के साथ आयोजित बैठक में अफसरों ने कहीं।

पुलिस लाइंस में एडीजी जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आइजी रेंज डा. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य ने पीस कमेटी के सदस्यों व सभ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की। एडीजी ने कहा कि जनता व पुलिस के बीच समन्वय बनाए रखने में पीस कमेटी के सदस्य बहुत महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। आप दोहरी भूमिका में हैं, जब यहां से गली-मोहल्लों में जाए। तब लोगों को बताए कि किसी प्रकार की समस्या न होने पाए और कोई नई परंपरा ना डाली जाए। कावड़ के डीजे और मोहर्रम की ताजियों की ऊंचाई मय ट्रैक्टर ट्राली के 12 फीट से ज्यादा ना हो। डीजे निर्धारित मानक ध्वनि से ही बजाएं, इसको लेकर डीजे संचालकों से बात कर लें। कमिश्नर ने कहा कि लोगों को समझाएं कि गलत चीजों को फैलने ना दें, पुलिस प्रशासन को जानकारी दें। आइजी ने कहा कि छोटी-छोटी गलतियों के कारण बड़ी-बड़ी घटनाएं हो जाती है, लेकिन आप लोगों द्वारा हर समस्या का हल निकाला जाता है यह सराहनीय है। एसएसपी ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि जो परंपरागत आयोजन हैं, उसमें पुलिस प्रशासन सहयोग करेगा लेकिन, जो गैर परंपरागत है उसके लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। इंटरनेट मीडिया की निगरानी के लिये पूरी टीम है। यदि कही कोई गलत सूचना देता है तो उस पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। इसके बाद एडीजी, आइजी, डीएम व एसएसपी ने बारादरी के जोगी नवादा व अन्य क्षेत्रों में फुट पेट्रोलिंग की, जनता से संवाद किया।



फुट पेट्रोलिंग के दौरान एडीजी रमित शर्मा, साथ में है आइजी रेंज डॉ राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य एवं फोर्स ● जागरण

### जूलूस, कांवड मार्ग को लेकर है शिकायत, तो करें फोन

डीएम ने कहा कि डीजे की लंबाई-चौड़ाई कम रखें जिससे अनुमति में कोई समस्या ना आए। उन्होंने कहा कि जनपद में ताज़िया जुलूस या कांवड़ मार्ग में आने वाले रास्ते से संबंधित जो भी शिकायतें हैं, उसे टेलीफोन नंबर (डीएम/बाढ़ कंट्रोल रूम 0581-2428188, 2422202) पर नोट करवा दें, उसका संबंधित विभाग द्वारा समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

# अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 08.07.2024

## एहतियातः कांवड़ से पहले जोगीनवादा में अफसरों की गश्त

### पिछले साल कांवड़ यात्रा के दौरान दो बार हुआ था बवाल, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को हटा दिया था शासन ने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस लाइन में पीस कमेटी की बैठक में त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश
- कहा- डीजे और ताजियों की ऊंचाई ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ 12 फुट से अधिक न हो

**अमृत विचार :** पिछले साल जोगीनवादा में कांवड़ यात्रा के दौरान हुए बवाल को देखते हुए पुलिस-प्रशासन के अधिकारी इस बार अलर्ट हैं। अधिकारियों ने रविवार को पुलिस लाइन के रविंद्रालय सभागार में धर्म गुरुओं और संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। इसमें त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इसके बाद अधिकारियों ने जोगीनवादा में पैदल गश्त की। पिछले साल जोगीनवादा में दो बार बवाल हुआ था, जिसके बाद शासन ने तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को हटा दिया था।

अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने बैठक में कहा कि पीस कमेटी के सदस्य पुलिस और जनता के बीच लगातार समन्वय बनाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं से जिले का नाम खराब होता है इसलिए सभी को कोशिश करनी होगी कि किसी प्रकार की समस्या न होने पाए और कोई नई परंपरा ना डाली जाए। कांवड़ के डीजे और मोहर्रम के ताजियों की ऊंचाई ट्रैक्टर ट्राली सहित 12 फुट से ज्यादा न हो। कांवड यात्रा के जत्थेदारों से वार्ता कर यह भी सुनिश्चित किया जाए कि डीजे निर्धारित मानक ध्वनि से ही बजाए जाएं। डीजे संचालकों को भी इसकी जानकारी दें। सोशल मीडिया पर कोई भी पोस्ट फारवर्ड करने से पहले उसकी जांच कर लें, नहीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि बैठक में सभी ने जो समस्याएं बताई हैं, उनका जल्द निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें और समझाएं कि गलत चीजों को फैलने न दें और पुलिस प्रशासन को जानकारी दें। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि छोटी-छोटी गलतियों या कमियों के कारण बड़ी घटनाएं हो जाती हैं। यदि कोई विवाद हो जाता है तो उसे बढ़ने न दें। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी पर्व के दो पहलू होते हैं।

एक व्यवस्थाएं जैसे रोड, विद्युत तार आदि से संबंधित है। यह सभी काम पूरे कराए जा रहे हैं। दूसरा पहलू है कि कानून व्यवस्था का जिस पर पुलिस कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि डीजे की लंबाई-चौड़ाई कम रखें ताकि अनुमति में कोई समस्या न आए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि जो परंपरागत आयोजन हैं उसमें पुलिस प्रशासन सहयोग करेगा लेकिन जो गैर परंपरागत हैं उसके लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की सभी अधिकारियों और थाना प्रभारियों के संपर्क में रहें यदि कहीं कोई समस्या होती है तो कॉल करें या व्हाटसएप करें।



जोगीनवादा में अधिकारी के साथ पैदल गश्त करते अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा और पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश कुमार।

### जिला प्रशासन ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

**बरेली, अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। हेल्पलाइन पर लोग क्षेत्र में त्योहार से जुड़ी समस्या बता सकते हैं। मौके पर टीम को भेजकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। 17 जुलाई तक मोहर्रम का पर्व मनाया जाएगा। 22 जुलाई से श्रावण मास के पहले सोमवार की शुरुआत होगी। दोनों पर्व सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन तैयारियों में जुटे हैं। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की ओर से 0581-2428188, 2422202 नंबर जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इन दोनों नंबरों पर कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के ताजिया निकलने के दौरान सड़क से संबंधित या कोई अन्य समस्या है तो इसकी जानकारी दे सकते हैं। शिकायतों को प्राथमिकता से लेकर उनका समाधान कराया जाएगा।

## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 08.07.2024

# अफसर बोले- सौहार्द का संदेश दें धर्मगुरु

बरेली। मुहर्रम के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन ने चौकस व्यवस्था की है। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में अफसरों ने धर्मगुरुओं व संभ्रांत लोगों से सौहार्द का संदेश देने की अपील की। इसके बाद पुराने शहर का जायजा लिया गया।

एडीजी रमित शर्मा ने कहा किकोई नई परंपरा न पड़े। कांवड़ के डीजे और ताजियों की ऊंचाई मय ट्रैक्टर-ट्रॉली 12 फुट से ज्यादा न हो। डीजे निर्धारित आवाज में ही बजाएं।

कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने जुलूस के रास्तों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। आईजी डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई गलत मेसेज न डालें। माहौल खराब हुआ तो पुलिस सख्ती से निपटेगी। डीएम रविंद्र कुमार व एसएसपी अनुराग आर्य भी मौजूद रहे। ब्यूरो

## जोगी नवादा की मौर्य गली तक पैदल गए अफसर

बैठक के बाद एडीजी व आईजी समेत वरिष्ठ अधिकारी बारादरी के मिश्रित आबादी वाले इलाके में पहुंचे। उन्होंने जोगी नवादा क्षेत्र का जायजा लिया, जहां पिछले साल कांवड़ यात्रा के दौरान दो बार बवाल हुआ था। अधिकारी मौर्य गली में उस मठिया तक गए, जिसके पेड़ की डाल हाल में ही काटी गई है। एसएसपी ने बारादरी इंस्पेक्टर अमित पांडेय को निर्देश दिए कि अच्छी छवि के लोगों को साथ लेकर खुराफातियों पर शिकंजा कसें। सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी गूगल मैप के जरिये लगाई गई है। पुलिस के साथ पीएसी भी मुस्तैद रहेगी।

# आई नेक्सट जनपद बरेली दिनॉक 08.07.2024

# 'त्योहार में की खुराफात तो नजीर पेश करने वाल होगा एक्शन'

**i ALERT**

**पुलिस लाइंस में सभी धर्मगुरुओं के साथ अफसरों ने की बैठक**



अफसरों ने मीटिंग कर दी जानकारी.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (7 July):** मोहर्रम एवं श्रावण माह में कांवड़ यात्रा को लेकर स्पष्ट नीति तैयार कर ली गई है. त्योहारों में सभी को परंपरा का निर्वाह करना होगा. गैर परंपरागत की जिद कर माहौल खराब करने वालों व खुराफातियों पर नजीर पेश करने वाली कार्रवाई की जाएगी. यह बातें पुलिस लाइंस में धर्मगुरुओं के साथ आयोजित बैठक में अफसरों ने कहीं.

## डीजे संचालकों से करें बात

पुलिस लाइंस में एडीजी जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आइजी रेंज डा. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य ने पीस कमेटी के सदस्यों व सभ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की. एडीजी ने कहा कि जनता व पुलिस के बीच समन्वय बनाए रखने में पीस कमेटी के सदस्य बहुत महत्वपूर्ण कार्य करते हैं. आप दोहरी भूमिका में हैं, जब यहां से गली-मोहल्लों में जाए, तब लोगों को बताए कि किसी प्रकार की समस्या न होने पाए और कोई नई परंपरा ना डाली जाए. कावड़ के डीजे और मोहर्रम की ताजियों की ऊंचाई मय ट्रैक्टर ट्राली के 12 फीट से ज्यादा ना हो. डीजे निर्धारित मानक ध्वनि से ही बजाए, इसको लेकर डीजे संचालकों से बात कर लें.

## लोगों को करें जागरूक

कमिश्नर ने कहा कि लोगों को जागरूक करें और समझाएं कि गलत चीजों को फैलने ना दें, पुलिस प्रशासन को जानकारी दें. आइजी ने कहा कि छोटी-छोटी गलतियों या कमियों के कारण बड़ी-बड़ी घटनाएं हो जाती है, लेकिन आप लोगों द्वारा हर समस्या का हल निकाला जाता है यह सराहनीय है. एसएसपी ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि जो परंपरागत आयोजन हैं, उसमे पुलिस प्रशासन सहयोग करेगा लेकिन, जो गैर परंपरागत है उसके लिए अनुमति नहीं दी जाएगी. इंटरनेट मीडिया की निगरानी के लिये पूरी टीम है. यदि कही कोई गलत सूचना देता है तो उस पर कठोर फोटो: त्योहार में की खुराफात की कोशिश, नजीर पेश करने वाली कार्रवाई की जायेगी. इसके बाद एडीजी, आइजी, डीएम व एसएसपी ने बारादरी के जोगी नवादा व अन्य क्षेत्रों में फुट पेट्रोलिंग की, जनता से संवाद किया.

### जूलूस, कांवड मार्ग को लेकर है शिकायत, तो करें फोन

डीएम ने कहा कि डीजे की लंबाई-चौड़ाई कम रखें जिससे अनुमति में कोई समस्या ना आए. उन्होंने कहा कि जनपद में ता यिा जुलूस या कांवड़ मार्ग में आने वाले रास्ते से संबंधित जो भी शिकायतें हैं, उसे टेलीफोन नंबर (डीएम/बाढ़ कंट्रोल रूम 0581-2428188, 2422202) पर नोट करवा दें, उसका संबंधित विभाग द्वारा समस्या का समाधान करवाया जाएगा.

# युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 08.07.2024

# मोहर्रम एवं कावड़ के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

## समस्त धर्मो के धर्मगुरूओं व गणमान नागरिकों से मोहर्रम व कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने की अपील- मंडलायुक्त





**युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर**

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह जिलाधिकारी रविंद्र कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की उपस्थिति में आज पुलिस लाइन के रविंद्रालय सभागार में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पीस कमेटी के सदस्य बहुत महत्वपूर्ण कार्य करते हैं पुलिस व जनता के बीच समन्वय बनाए रखना। आपकी बात समाज के लोग मानते हैं। आप दोहरी भूमिका में है जब वहां से गली मोहल्लों में जाते हैं तो हमारी बात वहां बताते हैं और उनकी बात व समस्या हमें बताते हैं। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं से जनपद का नाम खराब होता है इसलिए हमें यह कोशिश करनी होगी कि किसी प्रकार की समस्या न होने पाए और कोई नई परंपरा न डाली जाए। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक ने निर्देश दिए कि कावड़ के डीजे और मोहर्रम की ताजियों की ऊंचाई मय ट्रैक्टर ट्राली के 12 फीट से ज्यादा ना हो तथा जनपद में कॉवड़ यात्रा के जत्थेदारों से वार्ता कर यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कॉवड़ यात्रा के दौरान डीजे अपनी निर्धारित मानक ध्वनि से ही बजाये जाए। समस्त डीजे संचालकों से बात कर उन्हें आवश्यक जानकारियां बताई जाएं। सोशल मीडिया पर गलत चीजों को फारवर्ड करने से पूर्व सत्यता को जान लें अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मंडलायुक्त ने कहा कि आप सभी ने जो समस्याएं बताई उन्हें नोट किया गया है और अतिशीघ्र निस्तारण कराया जायेगा। आप सभी अपने क्षेत्र? के वरिष्ठ और संभ्रांत लोग हैं अतः समाज में आपकी बात का महत्व है। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें और समझायें कि गलत चीजों को फैलने ना दें, पुलिस प्रशासन को जानकारी दें। आप द्वारा जो समस्यायें बतायी गयी है उनमें से जितना हो सकेगा निस्तारण कराया जायेगा। हमारा त्यौहार अच्छा जाए और जनपद में अमन चैन कायम रहे।पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि छोटी-छोटी गलतियों या कमियों के कारण बड़ी-बड़ी घटनायें हो जाती है। लेकिन आप लोगों द्वारा हर समस्या का हल निकाला जाता है यह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यदि कोई विवाद हो जाता है तो उसे बढ़ने ना दें और सोशल मीडिया पर कोई गलत मैसेज ना डाला जाए जिससे कि माहौल खराब हो। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी पर्व के दो पहलू होते हैं। एक व्यवस्थायें जैसे रोड, विद्युत तार आदि से संबंधित है इसको लेकर पूर्व में भी बैठक की गयी थी और अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके है या करवाये जा रहे हैं। दूसरा पहलू है कानून व्यवस्था का जिस पर हमारी पुलिस कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि डीजे की लंबाई-चौड़ाई कम रखें जिससे अनुमति में कोई समस्या ना आए। उन्होंने कहा कि जनपद में ताजिया जुलूस व कावड़ मार्ग में आने वाले रास्ते से संबंधित जो भी शिकायतें है, उसे टेलीफोन नंबर (डीएम/बाढ़ कंट्रोल रूम 0581-2428188, 2422202 ) पर नोट करवा दे उसका संबंधित विभाग द्वारा समस्या का समाधान करवाया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि जो परंपरागत आयोजन हैं उसमें पुलिस प्रशासन सहयोग करेगा लेकिन जो गैरपरम्परागत है उसके लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की आप सभी अपने अधिकारियों व थाना प्रभारियों के सम्पर्क में रहे यदि कहीं कोई स?मस्या होती है तो कॉल करें या व्हाटसएप करें अथवा 112 पर कॉल करें। सोशल मीडिया की निगरानी के लिये पूरी टीम है यदि कही कोई गलत सूचना देता है तो उस पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। माहौल बिगाड़ने वालों के साथ सख्ती से निपटा जायेगा। त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की मदद करें।बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, एसपी सिटी, एसपी क्राइम, एसपी यातायात, एसपी देहात, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, संभ्रांत नागरिक जनार्दन आचार्य, जहीर अहमद, संजीव शर्मा, मो0 कासिम सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

<u>युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 08.07.2024</u>

# अधिकारियों ने की संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त



युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र बरेली जिलाधिकारी जनपद बरेली एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली द्वारा संयुक्त रूप से आगामी त्यौहारों के दृष्गित जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना बारादरी, बरेली क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त की गयी। पैदल गश्त के दौरान आमजन से वार्ता कर त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने एवं आपस में भाईचारा बनाये रखने की अपील की गई व सुरक्षा/कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने हेतु बताया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, एडीएम सिटी, क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम, क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय आदि मौजूद रहें।

# अर्ली मॉर्निंग जनपद बिजनौर दिनॉक 08.07.2024

## एडीजी रमित शर्मा ने श्रावण कावड़ यात्रा- एवं मोहर्रम की तैयारीयां को लेकर व्यवस्था परखीं



अर्ली मॉर्निंग ब्यूरो

**लखनऊ।** एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने अधिकारीगण के साथ थाना बारादरी क्षेत्र में पैदल गस्त की गयी, आमजन से वार्ता कर आगामी त्यौहार(श्रावण माह/मोहर्रम) को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सौहार्द/भाई-चारा बनाये रखने की अपील कर सुरक्षा का भाव जागृत किया।रविवार की शाम एडीजी रमित शर्मा ने भारी पुलिस फोर्स के साथ आगामी श्रावण कावड़ यात्रा-2024 एवं मोहर्रम को शांति पूर्व समापन कराने के लिए सड़क पर उतरे कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा।

पेयजल व्यवस्था, समुचित प्रकाश की व्यवस्था, चिकित्सा कैम्प,मेडिकल/एम्बूलेंस व्यवस्था के लिए स्थान चिन्हित करने के सम्बन्ध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। साथ ही असामाजिक/साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने वालों को चिन्हित करने, यदि दुर्घटना घटित होती है तो पुलिस रिस्पांस टाइम को कम से कम करने, अग्निशमन विभाग को अपने सभी उपकरणों को दुरुस्त रखने। अधिकारीगण के साथ थाना बारादरी क्षेत्र में पैदल गस्त की गयी, आमजन से वार्ता कर आगामी त्यौहार(श्रावण माह/मोहर्रम) को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सौहार्द/भाई-चारा बनाये रखने की अपील कर सुरक्षा का भाव जागृत किया।